कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

डाण्डा लखौण्ड,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून–248001

ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.comफोन / फैक्स 0135-2608646

पत्रांक: UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP Letters-III/ 648 दिनांक: 25 / मई / 2022

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
राजकीय दून मेडिकल कॉलेज,
देहरादून।

विषय– **राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022 के अवसर पर संचालित तम्बाकू निषेध अभियान के समापन समारोह के आयोजन विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत **"विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022** के अवसर पर एक माह दिनांक (01 मई से 31 मई, 2022 तक) तम्बाकू नियंत्रण हेतु **"आओ गाँव चलें, उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें"** अभियान के शुभारम्भ में मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड द्वारा की गयी घोषणाओं के अनुपालन के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के पाँच लाख से अधिक व्यक्तियों को तम्बाकू निषेध शपथ दिलायी जानी है।

मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड से प्राप्त निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 24.05.2022 को उत्तराखण्ड सचिवालय में आहुत बैठक के क्रम में **"विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022** के अवसर पर तम्बाकू निषेध शपथ कार्यक्रम का आयोजन आपके संस्थान में किया जाना है। उप–राज्यपाल के सचिव, उप राज्यपाल का सचिवालय, राज निवास, पोर्ट ब्लेयर,अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–SLG/PS/2022/276, दिनांक 13 मई, 2022 के क्रम में His Excellency Lieutenant Governor, Andaman Nicobar मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

अतः **"विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" 31 मई, 2022** के अवसर पर तम्बाकू निषेध शपथ कार्यक्रम का आयोजन Protocol के अनुसार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड को मा0 स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि प्रधानाचार्य, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

(डा0 सरोज नैथानी)
निदेशक (एन0एच0एम0)